वर्ष - 1 | अंक - 5 | मार्च 2021

Zero Waste

Reduce Reuse Recycle

# रतलाम

## नगर पालिक निगम

E-News Letter

# रतलाम नगर बना जीरो वेस्ट नगर




कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 28, 29,30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46,47, 48 एवं 49 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है

## 30 मार्च तक 49 वार्ड बन चुके है जीरो वेस्ट वार्ड

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है।






निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में जिन वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है उन वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटती कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक– पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक–पृथक डाला जायेगा।






जीरो वेस्ट वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48 एवं 49 में 2–2 कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक– पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक वाहनों में डाला।

Zero Waste Reduce Reuse Recycle

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

# शहर के वार्डो को जीरों वेस्ट बनाने की शुरूआत वार्ड 7 और 17 को जीरो वेस्ट बनाने से हुई

## स्वच्छता दीदी जाकर करेंगी गीले-सूखे कचरे का पृथक्कीकरण

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में अव्वल बनाने के प्रयासों के चलते नगर निगम शहर के वार्डो को जीरों वेस्ट बनाने की तैयारियों को अंजाम देने जा रहा है। इसी के तहत पहले चरण में शहर के दो वार्डो को जीरों वेस्ट बनाने की तैयारी 04 मार्च गुरूवार से की थी ।

इस संबध में बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्रीसोमनाथ झारिया ने संबधित शाखा प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए है। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर–1 बनाने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में शहर के वार्ड 7 (अलकापुरी) और वार्ड 17(ईश्वरनगर)को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया है।



## जीरो वेस्ट वार्ड रतलाम

रांगोली के माध्यम से स्त्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु रतलाम नगर के विभिन्न स्थलों पर बनाई गई रांगोली राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुकी है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। वस्तुतः जीरो वेस्ट वार्ड कचरे का विकेन्द्रीकृत प्रसंस्करण है सभी घरो से सेग्रीगेटेड कचरे को एकत्रित किये जाने पर पुरे शहर में उत्साह है व रतलाम नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड जाने पर नगर के सभी कचरा मुक्त स्थल, उद्यान, प्रमुख चौराहे–तिराहे, वार्ड के प्रमुख चौराहे–तिराहे, महापुरूषों की प्रतिमा स्थल, ट्यूबवेल–हैण्डपम्प आदि स्थानों पर आज 31 मार्च बुधवार को 1001 रांगोली का निर्माण कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक श्री गोपालचंद डाड के निर्देश और निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के कुशल मार्गदर्शन में बनाई जायेगी।






Zero Waste

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

## 49 वार्ड जीरो वेस्ट बनने पर नगर में बनी 1001 रांगोली

## नागरिकों भी घर, दुकान, पार्क और वार्डो में रांगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश







नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास तेजी से जारी है। इन्ही प्रयासों के चलते कचरामुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर रांगोली निर्माण कर नागरिकों को स्वच्छता का स्वच्छता का संदेश दिया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान में समूचे शहर को जोड़ते हुए आज 31 मार्च बुधवार को सभी नागरिक अपनी भागीदारी निभाएगे। रतलाम ओडीएफ प्लस–प्लस घोषित हो चुका है इसी के साथ रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिग 5 स्टार में लाने के लिए रतलाम नगर निगम ने दावेदारी की है और इसके मापदण्डों को भी पूरा किए जाने के प्रयास सतत जारी है। इसी के तहत रतलाम शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट में तब्दिल किए जा चुके है।

Zero Waste

# रतलाम

नगर पालिक निगम

E-News Letter



रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर –1 बनाने के प्रयासों के चलते ही विगत अक्टूबर माह से कचरा मुक्त स्थलों पर रांगोली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परीणाम मिले है और साफ सफाई के प्रति लोगों की सोच भी सकारात्मक होने लगी है। श्री झारिया ने रतलाम शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि 31 मार्च बुधवार को अपने कार्यालय, घर, दुकान, पार्क, चौराहा, तिराहे इत्यादि की सफाई करवाकर विभिन्न उद्देश्यों को दर्शित कर रंगोली बनायें जिससे पूरे नगर में स्वच्छता के प्रति सुन्दर भाव जागे।



## रंगोली ने दिलाई रतलाम को देश मे अलग पहचान

उन्होने कहां कि गंदगी सबको अलग –थलग करती है किन्तु रंगोली के माध्यम से स्वच्छता सबको एक करेगी। एकता में ही तो शक्ति है। रतलाम नगर को पूरे देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर के सभी वार्डो को कचरा मुक्त बनाकर ही रैंकिंग प्राप्त की जा सकती है। हमे पूरा विश्वास है कि आप सभी नागरिक गण रतलाम में रंगोली के माध्यम से दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता क्रांति में शामिल होंगे। शहर में होने वाले इस रांगोली निर्माण के बाद बेहतर रांगोली का निर्माण और इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाले महानुभाव को नगर पालिक निगम की और से सम्मानित भी किया जाएगा।

# कलेक्टर श्री डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया कचरा निष्पादन व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व निगम अधिकारियों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण कर घर–घर से संग्रहित कर लाये जाने वाले कचरे का जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया।



निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए कंसलटेंट श्री प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। इस दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री राजेशकुमावत आदि उपस्थित थे। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाएगए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक–पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है।

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बधियाकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। मुखर्जी नगर में पी.एम. आवास योजना के फ्लेटों का किया अवलोकन









कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरते।

इसके पश्चात कलेक्टर एवं प्रशासक श्री डाड ने नगर निगम विकास शाखा पंहूचकर नव निर्मित आई.टी. सेल का निरीक्षण किया व विकास शाखा में संचालित विभागों का निरीक्षण कर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से विभाग के कार्यो की जानकारी प्राप्त की।

# जुलवानियां में खाद बनकर तैयार, पैंकिग शुरु हुई



नगर निगम आयुक्त ने जुलवानियां ट्रेचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर शाखा प्रमुखों को दिए आवश्यक निर्देश, श्वान बधियाकरण की कार्रवाई भी तेज हुई रतलाम 06 मार्च । स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत रतलाम शहर के वार्डो को जीरों वेस्ट बनाने के प्रयास भी अब तेज होने लगे है। कचरा सेग्रीकेशन की कार्रवाई के चलते शनिवार सुबह नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने जुलवानियां टेंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण कर यहां गीला कचरा निपटान की व्यवस्थाओं को देखा और स्वच्छ सर्वेक्षण में तैनात अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पाया गया कि यहां तैयार कम्पोज के तहत खाद की पैकिंग शुरु हो चुकी है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के वार्डो को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 7, 8, 17 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाना शुरु कर दिया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ। उक्त वार्डो के घरों से गीले और सूखे कचरे का अलग–अलग संग्रहण किया जा रहा है। गीले कचरे का उपयोग खाद बनाने के लिए किया जा रहा है। वही सूखा कचरा रिंग पिकर्स महिलाओं के लिए रोजगार का साधन बना हुआ है। जीरों वेस्ट के लिए चयनित वार्डो में नगर निगम को बेहतर परिणाम मिलने लगे है। शनिवार को इस प्रक्रिया की जानकारी लेने के लिए आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया जुलवानिया पहुचे और उन्होने गीले कचरे को खाद के लिए उपयोगी बनाए जाने के लिए तैयार की गई खाद और इसकी पैंकिग की जानकारी ली।





श्री सोमनाथ झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों के साथ कचरा निपटान कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों से भी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वार्डो में चल रहे कार्यो की सिलसिलेवार जानकारी ली। इस मौके पर श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि वर्तमान में रतलाम शहर ओडीएफ प्लस–प्लस हो चुका है। इसी के चलते हमने स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम को फाईव स्टार रैंकिंग के लिए अप्लाय किया है। इन्ही कार्रवाईयों के चलते पूरे शहर के हर घर से संग्रीकेटेड कचरा उठे जिसकी जुलवानिया में सही तरीके से प्रोसेसिंग हो। इसी के साथ हर वार्ड में सडकों, नालो, नालियों, बागीचों, सार्वजनिक आदि स्थलों की सफाई कार्य का सुपरविजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, इंजीनियर, झोन प्रभारी, पर्यवेक्षक सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

Zero Waste Reduce Reuse Recycle

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

## आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के तहत मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यो की सौगात मिली




आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत **मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान** द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण को अलकापुरी कम्यूनिटी हहल में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, हितग्राही आदि ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना।




भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। मिशन नगरोदय के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10– 10 हजार रूपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया।

Zero Waste Reduce Reuse Recycle

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter



अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल में कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, श्री मनोहर पोरवाल, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्री अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, श्री भगतसिंह भदौरिया, श्री मंगल लोढ़ा, श्री दिलीप गांधी, श्री मयूर पुरोहित, श्री आदित्य डागा, श्री कृष्णकुमार सोनी, श्री देवेन्द्र वाधवा, श्री निर्मल कटारिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर मिशन नगरोदय कार्यक्रम की शुरूआत की।

उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, सिटी मैनेजर श्री कपील मारोठिया, श्री नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिकाऐं, हितग्राही व नागरिक उपस्थित थे। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया देश की आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के अवसर पर रतलाम में नगर निगम के सामने उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, श्री मनोहर पोरवाल, श्री प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनीता कटारिया, श्री अशोक पोरवाल, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।



## मुखर्जी नगर की दुकानों की रजिस्ट्री प्रारंभ

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित ई.डब्ल्यू. एस. फ्लेट के नीचे ग्राउण्ड फ्लोअर पर निर्मित दुकानों में से अहन लाईन निविदा के माध्यम से विक्रय की गई दुकानों की नगर निगम द्वारा रजिस्ट्री कराना प्रारंभ कर दी है।

जिसके तहत आज दुकान क्रमांक एस-५ जो कि श्री गोपाल परमार पिता अमृतलाल परमार निवासी ६१ मुखर्जी नगर को आवंटित हुई है संबंधित द्वारा संपूर्ण राशि जमा कराये जाने पर नगर निगम द्वारा संबंधित को दुकान की रजिस्ट्री संपादित करा दी गई है।




इसी तरह अन्य निविदाकारों द्वारा भी संपूर्ण राशि जमा कराने पर नगर निगम द्वारा तत्काल रजिस्ट्री संपादित कराई जावेगी।

Zero Waste
Reduce Reuse Recycle
# रतलाम
## नगर पालिक निगम
E-News Letter

# "स्वच्छता संकल्प देश का, हर रविवार विषेश सा"

भारत सरकार आवास और शहरी मंत्रालय के निर्देषानुसार प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता से संबंधित जनअभियान के तहत साप्ताहिक मेगा ईवेंट ''स्वच्छता संकल्प देश का, हर रविवार विषेश सा ' के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु जागरूक किये जाने के लिये विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया।




स्वच्छता जागरुकता को लेकर रविवार का दिन खास रहा। स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष आयोजनों के तहत शहर के वार्डो में स्वच्छता जागरुकता रथ के माध्यम से विभिन्न वार्डो में नुक्कड़ नाटिका, स्वच्छता शपथ सहित आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर रविवार सुबह स्वच्छता जागरुकता रथ तैयार कर इसके माध्यम से वार्डो में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीष तिवारी, मोनिका चौहान् और श्री शैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित रहे।

# वार्डो में पहुचा जागरुकता रथ, नागरिकों ने लिया स्वच्छता का संदेश



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रविवार को शहरभर में हुए विशेष आयोजन स्वच्छता जागरुकता रथ नयागांव भी पहुचा जहां महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को उपयंत्री श्री मनीष तिवारी और मोनिका चौहान ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए फीडबैक पेम्पलेट का वितरण किया और मौके पर ही फीडबैक के लिए 1969 पर कॉल करवाए। यहां स्वच्छता दीदी के माध्यम से गीला सूखा कचरा संग्रहण संग्रहण और पृथकीकरण का समझाया गया। उपयंत्री श्री मनीष तिवारी ने महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों सहित आसपास के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। क्षेत्र के रहवासियों ने स्वच्छता का संदेश देने वाले गीत भी प्रस्तुत किए।

Zero Waste
रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# प्रशासक श्री डाड ने किया निगम का बजट पारित

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा प्रस्तुत निगम के वित्तिय वर्ष 2021–22 का अनुमानित आय-व्यय पत्रक (बजट) पारित कर अनुमोदन हेतु राज्य शासन को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये।




कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा वित्तिय वर्ष 2021–22 की आय रूपये 33857.75 लाख (तीन अरब अड़तीस करोड़ सत्तवान लाख पिच्चहत्तर हजार रूपये) तथा विभिन्न कार्यो पर व्यय रूपये 33853.84 लाख (तीन अरब अड़तीस करोड़ त्रैपन लाख चौरासी हजार) जिसमें रूपये 3.91 लाख (तीन लाख इक्कयानवें हजार रूपये) बचत का बजट पारित किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा आदि उपस्थित थे।

Zero Waste Reduce Reuse Recycle

# रतलाम नगर पालिक निगम

E-News Letter

## आवास मेले में फ्लेट व निविदा की जानकारी नागरिकों ने प्राप्त की






प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर में निर्मित 94 एमआईजी फ्लेटों का ऑन लाईन निविदा के माध्यम से विक्रय किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में आयोजित आवास मेले में नागरिकों को फ्लेट व निविदा के संबंध में जानकारी दी।

आवास मेला निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जिसमें कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी जी,उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, पीएमसी एजिस इंडिया उज्जैन संभाग के रेसीडेंट इंजीनियर श्री सलीम खान, ए.आर.ई. के श्री अनन्त गुप्ता, क्यू.ई. के श्री सचिन आनन्द व एजीस टीम द्वारा नागरिकों को फ्लेट व ऑन लाईन निविदा के संबंध में जानकारी दी साथ ही ऋण संबंधी जानकारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों द्वारा दी गई।

## रांगोली के माध्यम दिया गया स्वच्छता और पानी बचाओं का संदेश

रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक–कला है। इसके निर्माण के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसका प्रयोजन सजावट और सुमंगल है और ये नकारात्मक भाव का शमन कर सकारात्मक भावना का संचार करती है। रांगोली की इस प्राचीन परम्परा का उपयोग नगर पालिक निगम रतलाम ने लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक भाव जगाने के लिए किया और कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया का ये अनूठा नवाचार आज राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। नगर निगम प्रशासन के प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत रतलाम शहर देश भर में नम्बर दृ 1 बने। इन्ही प्रयासों का एक हिस्सा रांगोली का निर्माण कराया जाना था।



Zero Waste
# रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# गंदगी करने वालो पर स्पॉट फाईन हेतु दल का गठन

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले–नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दल का गठन कर स्पॉट फाईन हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया है।



गठित दल में विराट मेहरा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक को दल प्रभारी नियुक्त किया है इसके अलावा मनोज टांक पवन झांझोट , आकाष षिन्दे, मनोज झांझोट, राकेष ललावत दल प्रभारी के साथ रहकर नगर में नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले–नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना करेंगे व जो दुकानदार जुर्माने के बाद भी निरंतर गंदगी करते है उनकी दुकाने सील करने की कार्यवाही करेंगे।

नागरिक गंदगी करने वालो की सूचना दल को उक्त मोबाईल नम्बरों दें

मो.नं. 7000848456
मो.नं. 7000128812
मो.नं. 9770326691





Zero Waste
# रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

## शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल–फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/– रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी।






नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत

**नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।**

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री जय उपाध्याय आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित
## निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देश



गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से षासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देषित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देषित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहीत व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।








# रतलाम नगर पालिक निगम

E-News Letter

## हर घर से उठे कचरा, गंदगी करने वालो के लिये उडन दस्ता भी रहे मुस्तैद



### निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में दिये निर्देश

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 बनाने के लिए पुरी ताकत लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बैठक लेकर नगर के 49 ही वार्डो के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर निर्देशित किया कि हर घर से कचरा उठवाया जाए और उसका समुचित निपटान करवाया जाये इसके बाद भी अगर कोई नागरिक अपनी दुकान या मकान के बाहर कचरा फैंकता है तो स्पॉट फाईन वसूलने वाला उडनदस्ता 24 घंटे मुस्तैद रहे।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि स्वच्छत सर्वेक्षण दल के आने के पहले अब निगम का अमला स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को नम्बर 1 बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की तरह कार्य करेगा। स्वच्छता अभियान में तैनात पर्यवेक्षकों निर्देशित किया कि मेन पावर और मशीनरी पावर का नियमानुसार उपयोग कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नही छोड़े। घर,दुकानों के बाहर व नालियों के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैकने वालों पर जुर्माना करने के लिये स्पॉट फाईन उड़न दस्ता गठित किया गया है जो प्रातः 5 रात्रि 12 बजे तक शहर की सडकों पर रहेगे।



सभी नगर निगम की गणवेश में रहेगे और इनके वाहनों में सायरन की सुविधाएं भी रहेगी।

इसी के साथ मोहल्ले, कालोनी और सार्वजनिक आदि स्थानों पर सुबह जल्दी या रात के अंधेरे में कचरे के थैले व थैलियां फेंकने वालो के विरूद्ध दर्जन भर से ज्यादा लठैत (लाठी वाले कर्मचारी) तैनात किए जा रहे हैं।





Zero Waste

रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

# पर्यवेक्षक प्रतिदिन के कार्यो की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में प्रस्तुत करे



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने–अपने वार्डो में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार वार्डवार नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अपने– अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत अलकापुरी चौराहा, अमृतसागर कालोनी, चांदनी चौक, इन्द्रलोक नगर, बाजना बस स्टैण्ड, गोकुलधाम उद्यान,

निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देषित किया कि वे अपने–अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर वार्ड में साफ–सफाई, विषेश रूप से सड़को, नालियों की सफाई, उद्यानों की साफ–सफाई व रख–रखाव करवाना, सार्वजनिक दिवारों पर स्वच्छता का संदेष देने वाली वॉल पेंटिग करवाना, सर्वेक्षण के मानक अनुसार वार्डो में साइनेज का कार्य करवाना, वार्डो में उचित दूरी पर डस्टबीन रखवाना, कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनीटरिंग करना, कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को प्रेरित करना, पृथक्कीकरण अवस्था में कचरा ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाना, वार्डो में आईईसी गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना, कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस ट्रेकिंग करवाना, थोक कचरा उत्सर्जन वाले संस्थानों में उनके ही स्थल पर जैविक खाद निर्माण करवाना, नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किये जाने के साथ ही अपने–अपने वार्डो में 6–6 बेस्ट पांईट चिन्हित करें।

इसके अलावा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रतिदिन के कार्यो की रिपोर्ट प्रतिदिन सांय 6 बजे प्रस्तुत करे व स्वच्छता के कार्य को सुगम बनाने व कार्य में गति प्रदान करने हेतु नियुक्त पर्यवेक्षेक व्हाट्स एप ग्रुप प्रतिदिन की रिपोर्ट अपलोड करें।






इसी तरह शहर के सभी वार्डो में पुलिस विभाग की तरह हर गली,हर मोहल्ला, हर कालोनी, सडक आदि का रुट चार्ट तैयार कराया गया है। ये रुट चार्ट हर झोन कार्यालय पर रहेगा। इस रुट चार्ट से पता चलेगा कि कचरा संग्रहण वाहन का चालक व हेल्पर कौन है? सडकों की सफाई कौन करता है? नालियों आदि से कचरा कौन एकत्र कर रहा है। जिन वार्डो में बगीचे है उन्हे स्मार्ट बागीचे बनाए जाने पर भी जोर दिया गया है। हर वार्ड की सडके, नालियों को नियमित साफ किया जाए। पूरे शहर के घरों से गीला और सूखा कचरा अलग–अलग ही लिया जाए।



बैठक के दौरान बेस्ट लोकेशन को लेकर भी रणनीति तैयार की गई है। इसके साथ ही अस्थायी कचरा स्थलों को समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को दिए गए है। आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षक, स्पॉट फाईन दल सहित स्वच्छता से जुड़े निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

Zero Waste
Reduce Reuse Recycle

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।






नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक–पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक–पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

## महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने लिया स्वच्छता का संकल्प




स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के हजारों नागरिकों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वही अलग–अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

Zero Waste
# रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# सेव,साड़ी और सोने के बाद सफाई मे ही रतलाम का नाम विश्व भर में चर्चित होगा

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अक्टूबर –2020 से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चरणबंध्द योजनाओं पर काम शुरु किया। जिसके चलते प्रथम चरण शहर में लगभग 40–40 सालों से जमे करीब 500 से अधिक अस्थायी कचरा को नष्ट कराया। यहां कोई दोबारा कचरा न डाले इसके लिए कुछ स्थानों पर लाठीधारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया। मगर कुछ स्थानों पर फिर भी लोग नजर बचा कर कचरा निपटान कर ही आते थे।






नकारात्मक सोच वाले लोगों सहित अन्य नागरिकों के मन में स्वच्छता का पावन भाव जगाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नवाचार शुरु करते हुए कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण शुरु करवाया और सफाई मित्र समूह के माध्यम से पहले ही दिन शहर के 50 से ज्यादा कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण कराया गया। इस नवाचार के दौरान खास बात ये भी रही कि जहां–जहां कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली बनाई गई उसी स्थान पर उसी क्षेत्र के रहवासियों की मौजूदगी में दीपदान कराया जाकर संकल्प दिलाया गया कि वे इस कचरा मुक्त स्थान पर खुद कचरा डालेगे और ना ही किसी दूसरे को कचरा फेंकने देगे।

इसी के साथ शहर के सार्वजनिक स्थानों, प्राचीन जल स्त्रोतो, हेण्डपंपों, कुएं,बावडियों आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण कराया जाकर स्वच्छता के साथ ही पानी बचाओं का संदेश भी दिया गया।

कचरा फेंकने आए लोग उल्टे पैर लौट गई कचरा स्थलों पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने और नागरिकों में स्वच्छता का भाव जगाने के लिए रांगोली निर्माण के दौरान कई मौके ऐसे भी आए कि जब लोग अपनी आदत के मुताबिक कचरे का थेला लेकर फेंकने आए और वहां रांगोली का निर्माण होते देख उल्टे पैर लौट गए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिक निगम ने किए विभिन्न आयोजन

## रैग पिकर्स महिलाओं को सुरक्षा साधन उपलब्ध कराते हुए सम्मानित किया गया मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान के उद्बोधन को देखा व सुना



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाडियों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर नगर पालिक निगम ने महिलाओं के सम्मान में अनेक आयोजन किए। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज सुबह जहां एक और स्वच्छता दौड़ में सैकड़ों खिलाडियों ने नगर के प्रमुख मार्गो पर स्वच्छता का संदेश दिया वही शाम को नारी शक्ति के सम्मान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रैग पिकर्स सहित यहां मौजूद महिलाओं को आदर पूर्वक सम्मान किया गया।



Zero Waste Reduce Reuse Recycle

रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

स्वच्छता आपनाएगे , रतलाम शहर को नम्बर-1 बनाएगे

# स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत सैकड़ों खिलाडियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प, फीडबैक में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया



हम इस शहर के रहवासी है। शहर ने हमे बहुत कुछ दिया और अब हमे शहर को कुछ देना है। ऐसे में आज ये संकल्प लेते है कि हम सभी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएगे। हम न खुद गंदगी करेगे और ना ही दूसरों को करने देगे। हम सभी का प्रयास रहेगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत सकारात्मक फीडबैक देगे और हमारे रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर-1 बनाने का प्रयास करेगे।

यह संकल्प मंगलवार सुबह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में सैकड़ों खिलाडियों ने लिया। इस मौके पर वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक व राष्ट्रीय खेल निर्णायक अमानत खान ने उपस्थित खिलाडियों को स्वच्छता का शपथ दिलाई। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर सफाई मित्र समूह के बैनर तले आयोजित यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी, श्रीमती वनिता सिंधु, श्रवण यादव के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर शिवपुर में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय 10 हजार मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली हेमलता मुंदड़ा, जयश्री बिलवा, कृपाली पाल, हेमलता रेंगा और मधुबाला यादव को नगर निगम की ओर से शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

Zero Waste Reduce Reuse Recycle

रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

# कविता,गायन और भाषण के माध्यम से बताया स्वच्छता का महत्व

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शैरानीपुरा (हरिजनबस्ती) में जागरुकता

## कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय नागरिकों विशेषकर बच्चों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने के प्रयासों के चलते आज नगर निगम पालिक की और स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं और महिलाओं ने कविता, गायन और भाषण के माध्यम से उम्दा तरीके से स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहां कि अगर हम अपने शहर से प्यार करते है तो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना चाहिए।




नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश उपायुक्त श्री विकास सोंलकी के मार्गदर्शन में शहर के शैरानीपुरा (हरिजन बस्ती) मांगलिक भवन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन और महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी परियोजना अधिकारी सुश्री उषा लिम्बोदिया की उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर भाषण, गायन, मेंहदी, चित्रकला, भाषण, रांगोली सहित आधा दर्जन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ.शहनाज सैय्यद, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.नेहा सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

गायन, भाषण और कविता से दिया स्वच्छता का संदेश सैकड़ों क्षेत्रीय रहवासियों विशेषकर बच्चों की मौजूदगी में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती थी। इन्होने यहां भाषण, कविता और गायन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व यहां मौजूद महिला और पुरुषों को बताया और खूब दाद भी बटोरी। यहां निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली में भी बच्चों ने स्वच्छ रतलाम– सुंदर रतलाम के नारे लगाए।

## पुरुस्कार पाकर खिल उठे चेहरे

कार्यक्रम के दौरान आयोजित रांगोली स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन के लिए कु.धरा,नंदनी, खुशी और रीदा को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह चित्रकला में सुहाना, अलीशा माजिद, अलीशा मुज्जफर और निशांत को, मेंहदी प्रतियोगिता में गोसिया, खुशनुमा, मोबसिरा, प्रीती, माही, फाल्गुनी, इफ्कत को पुरुस्कृत किया गया। निंबध प्रतियोगिता के लिए साई कुमार, यश कुमार, नबीला, राशि, भव्य सोंलकी और शिखा को पुरुस्कृत किया गया।



रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# द्विव्यांगजन व वृद्धजनों का विधायक सभागृह में डॉक्टरों ने किया परीक्षण 39 दिव्यांगजन व 21 वृद्धजनों ने कराया परीक्षण



नगरीय क्षेत्र रतलाम के दिव्यांगजन को उपकरण एवं कृत्रिम अंग तथा वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु 07 मार्च रविवार को विधायक सभागृह में प्रातः 11:00 बजे से षिविर का आयोजन किया जिसमें 39 दिव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिनाक्षी सिंह व एलमेको के डायरेक्टर श्री उमेष झालानी की उपस्थिति में किया गया है।

आयोजित शिविर में उज्जैन से आई एलमेको की 9 सदस्य टीम द्वारा 39 द्विव्यांगजन व 21 वृद्धजनों का परीक्षण किया गया परीक्षण पष्चात पाये गये ऐसे द्विव्यांगजन व वृद्धजन जिन्हे क्रत्रिम अंग व उपकरण की आवश्यकता है प्रदान किये जायेंगे। शिविर में अस्थि रोग विषेशज्ञ चन्दन भारतीय, दंत रोग विषेशज्ञ डॉ0 भारत षर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ0 हितश गायकवाड़ सहित स्टॉफ द्वारा द्विव्यांगज व वृद्धजनों का परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण विभाग श्री सुरेन्द्रसिंह चौहान, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुशी पालीवाल, लेखापाल श्री जगदीष पांचाल के अलावा सर्वश्री हेमन्त राहौरी, दिनेष राठौड, राकेष उपाध्याय सहित द्विव्यांगजन व वृद्धजन उपस्थित थे।

## पावर हाउस रोड पर वॉल पेंटिग से बनी ट्रेन का हुआ नामांकरण ट्रेन का नाम है

# पद्मश्री डॉ० लीला जोशी एक्सप्रेस

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने के तहत विभिन्न कार्यो के साथ नगर के विभिन्न स्थानों पर वॉल पेंटिक का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य के तहत जिसके तहत पावर हाउस रोड स्थित रेलवे की बाउण्ड्रीवॉल पर वॉल पेंटिग से सुन्दर ट्रेन बनाई गई जिसका अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका नामांकरण पदम्श्री डॉ0 लीला जोशी के नाम पर डॉ0 लीला जोशी एक्सप्रेस रखा गया है।



Zero Waste Reduce Reuse Recycle

# रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter

## सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉंल करने का अनुरोध करते रहे।






सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें रतलाम 13 मार्च । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉंल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करें, उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।



Zero Waste

# रतलाम
## नगर पालिक निगम

E-News Letter

# कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

## खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी



नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000 - 5000 हजार का जुर्माना करेगी।

## अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना




नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीन




सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीन




मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिंरिज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन




घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सीएफएल, ट्यूबलाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन

जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।

# निगम द्वारा युद्ध स्तर पर किये जा रहे है लीकेज दुरस्त

''रतलाम जलशक्ति अभियान'' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 01 मार्च तक 152 वॉल्व व 884 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।




इसके अलावा महू रोड सार्वजनिक शौचालय की पाईप लाईन फिटिंग, डोसीगांव व अलकापुरी सी कालोनी में हैण्डपम्प की मरम्मत का कार्य करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री श्री सुहास पंडित, श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादव, श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

130 दिनों में 152 वॉल्व व 884 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

131 दिनों में 159 वॉल्व व 890 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

133 दिनों में 160 वॉल्व व 895 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

134 दिनों में 160 वॉल्व व 901 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

137 दिनों में 163 वॉल्व व 906 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

138 दिनों में 163 वॉल्व व 911 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

142 दिनों में 163 वॉल्व व 910 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

19 फरवरी 147 वॉल्व व 831 पाईप लीकेज दुरस्ती

22 फरवरी 147 वॉल्व व 851 पाईप लीकेज दुरस्ती

24 फरवरी 147 वॉल्व व 861 पाईप लीकेज दुरस्ती

Zero Waste
रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

## निगम कर्मचारियों को मिला होली का तोहफा 290 कर्मचारियों को मिलेगा समयमान वेतनमान

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागु करने के निर्णय अनुसार नगर पालिक निगम रतलाम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वीकृति प्रदान कर कर्मचारियों को होली का तोहफा प्रदान किया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा संकल्प क्रमांक 22 दिनांक 27.03.2021 पारित किया गया है जिसके तहत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा तीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार 01 अप्रैल 2021 से दिया जायेगा। संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान लागु किये जाने के दिनांक से आदेश जारी होने की दिनांक तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जावेगा किन्तु वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जावेगी।



रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# 3 दिवस पहले विकास कार्यो की खुदाई के रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगी परीक्षण उपरान्त आमजन की सुविधा के दृष्टिगत अनुमति मिलेगी

नगरीय क्षेत्र में विभिन्न शासकीय योजनाओं के विकास कार्य व निगम निधि के विकास कार्यो के तहत की जाने वाली खुदाई से आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इस हेतु खुदाई के 3 दिवस पूर्व खुदाई का स्थान, कार्य के पूर्ण होने की तिथि व मानचित्र निगम के विभिन्न विभागों को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को प्रस्तुत करना होगें।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि वर्तमान में रतलाम नगरीय क्षेत्र में विभिन्न शासकीय योजनाओं के विकास कार्यो के साथ ही निगम निधि के भी विकास कार्य प्रचलित है। अलग–अलग योजनाओं तथा अलग–अलग विभागों के कार्य होने के कारण समन्वय के अभाव में होने वाली खुदाई से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है व यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इस हेतु निगम के अधीन प्रत्येक विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के कार्य हेतु खुदाई प्रारंभ करने से 3 दिवस पूर्व लिखित में कार्य का नाम, खुदाई का स्थान तथा कार्य पूर्ण होने की की संभावित तिथि सहित क्षेत्र का मानचित्र मय वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के प्रस्तुत करें। परीक्षण उपरांत खुदाई कार्य हेतु आमजन की सुविधा व यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के दृष्टिगत खुदाई कार्य की अनुमति प्रदान की जायेगी।

# विकास कार्य समयावधि में पूर्ण नहीं करने पर कालोनाईजर को सूचना पत्र जारी

**समयावधि में कालोनी का विकास कार्य पूर्ण नहीं करने वाले कालोनाईजरों के विरूद्ध नगर पालिक निगम द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी है**

जिसके तहत मेसर्स रचना हाउसिंग को सूचना पत्र जारी किया है। नगर निगम द्वारा मेसर्स रचना हाउसिंग के कालोनाईजर श्री अनिल झालानी व श्री प्रवीण सेलवाडिया एवं अन्य को भक्तन की बावड़ी स्थित आवासीय कालोनी का विकास कार्य नियत समयावधि में पूर्ण नहीं करने तथा शेष आश्रय शुल्क की राशि जमा नहीं कराने के कारण कालोनाईजर को मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्तें) नियम 1998 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कालोनाईजर को दी गई कालोनी विकास अनुमति निरस्त करते हुए, विकास कार्य



के एवज में बंधक रखे गये भूखण्डों का निगम द्वारा विक्रय कर कालोनी के विकास कार्य पूर्ण करने बाबत अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है दी गई समयावधि में कालोनाईजर द्वारा समाधान कारक कार्यवाही नहीं करने पर

# नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, बकाया राशि जमा करा सकेगें।




नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू–भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिज, वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 मार्च को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड क्रमांक 13 के लिये 6 मार्च को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 8 से 9 मार्च तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को शिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेश देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेशन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

01 नागरिकों ने 41,28,144/– संपत्तिकर व 8,57,030/– जलकर जमा कराया

02 नागरिकों ने 43,12,144/– संपत्तिकर व 9,13,380/– जलकर जमा कराया

03 नागरिकों ने 43,12,144/– संपत्तिकर व 9,13,380/– जलकर जमा कराया

04 नागरिकों ने 45,21,144/– संपत्तिकर व 9,88,130/– जलकर जमा कराया

05 नागरिकों ने 46,37,144/– संपत्तिकर व 10,45,800/– जलकर जमा कराया

05 नागरिकों ने 46,37,144/— संपत्तिकर व 10,45,800/— जलकर जमा कराया

06 नागरिकों ने 46,37,144/— संपत्तिकर व 10,45,800/— जलकर जमा कराया

07 नागरिकों ने 48,50,144/— संपत्तिकर व 10,95,095/— जलकर जमा कराया

08 नागरिकों ने 50,56,144/— संपत्तिकर व 11,33,350/— जलकर जमा कराया

09 नागरिकों ने 51,71,144/— संपत्तिकर व 11,59,215/— जलकर जमा कराया

10 नागरिकों ने 52,64,144/— संपत्तिकर व 11,89,835/— जलकर जमा कराया

11 नागरिकों ने 52,64,144/— संपत्तिकर व 11,89,835/— जलकर जमा कराया

12 नागरिकों ने 55,06,144/— संपत्तिकर व 12,60,235/— जलकर जमा कराया

13 नागरिकों ने 59,76,144/— संपत्तिकर व 13,04,160/— जलकर जमा कराया

14 नागरिकों ने 59,76,144/— संपत्तिकर व 13,04,160/— जलकर जमा कराया

15 नागरिकों ने 60,70,144/— संपत्तिकर व 13,16,890/— जलकर जमा करायाा

16 नागरिकों ने 62,31,144/— संपत्तिकर व 13,43,910/— जलकर जमा कराया

17 नागरिकों ने 68,70,144/— संपत्तिकर व 14,02,220/— जलकर जमा कराया

18 नागरिकों ने 68,70,144/— संपत्तिकर व 14,02,220/— जलकर जमा कराया

19 नागरिकों ने 74,24,144/— संपत्तिकर व 14,30,840/— जलकर जमा कराया

20 नागरिकों ने 74,24,144/— संपत्तिकर व 14,30,840/— जलकर जमा कराया

21 नागरिकों ने 74,24,144/— संपत्तिकर व 14,30,840/— जलकर जमा कराया

22 नागरिकों ने 79,67,144/— संपत्तिकर व 14,45,810/— जलकर जमा कराया

23 नागरिकों ने 83,37,144/— संपत्तिकर व 14,85,040/— जलकर जमा कराया

24 नागरिकों ने 74,24,144/— संपत्तिकर व 14,30,840/— जलकर जमा कराया

**बकाया वसूली शिविरों से निगम को 84,39,144 संपत्तिकर व 15, 23,610 जलकर प्राप्त हुआ**

# अब बेटी बचाओं, रतलाम को अपराध मुक्त बनाओं का भी देगे संदेश




जल संरक्षण के साथ ही बेटी बचाओं का संदेश स्वच्छता का संदेश देने वाले नवाचार के दौरान ही नगर के पुराने कुएं,बावडियों, नालों,तालाबों आदि को स्वच्छ रखने और जल संरक्षण करने का संदेश भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी तरह शहर सीमा के हेण्डपंप, नलकूप आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी के साथ बेटियों को बचाने और इनकी सुरक्षा को लेकर भी समय–समय पर रांगोली के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिया गया। विगत माह माननीय मुख्यमंत्री के रतलाम प्रवास के दौरान डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्र समूह के माध्यम से विशाल रांगोली के माध्यम से बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया गया था। जिसकी माननीय मुख्यमंत्रीजी ने भी सराहना की थी।




स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया के नवाचार का प्रभाव ये रहा कि लोगों में स्वच्छता का प्रति जागरुकता आने लगी और आज शहर के सभी वार्ड जीरों वेस्ट प्रक्रिया में शामिल हो चुके है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के प्रयासों में जिला शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग आदि का भी सहयोग रहा है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन ने निर्णय लिया है कि आगामी माह से रांगोली के माध्यम से स्वच्छता और जल संरक्षण के सहयोग के साथ ही बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, रतलाम को दुर्घटना मुक्त बनाओं, भ्रूण हत्या की रोकथाम, सुंदर बने रतलाम- हर नारी का हो सम्मान, रतलाम को अपराध मुक्त बनाओं, आदि विषयों पर संदेश दिया जाएगा।

Zero Waste

रतलाम
नगर पालिक निगम

E-News Letter


# संबल योजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 को कारण बताओ सूचना-पत्र

संबल योजना के कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने व सूचना दिये जाने के उपरान्त भी 17 मार्च बुधवार को बैठक में उपस्थित नहीं होने पर निगम आयुक्त श्री सोमना झारिया ने लेखापाल सहित 4 कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना–पत्र जारी किया।

संबल योजना के कार्य में लापरवाही बरतने पर पर जगदीश पांचाल–लेखापाल, दिनेश राठौर व सुश्री दुर्गा शर्मा सहायक वर्ग–3, प्रदीप उपाध्याय व अंजनीप्रसाद मिश्रा सहायक राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।



# अनुपस्थित सफाई संरक्षकों का वेतन काटा कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

अनुपस्थित सफाई संरक्षकों को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

| |
|---|
| 01 मार्च नगर के विभिन्न वार्डो के सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित 28 सफाई संरक्षकों |

| | |
|---|---|
| 03 मार्च अनुपस्थित 42 सफाई संरक्षकों | 03 मार्च बुधवार को बिना सूचना के 42 सफाई संरक्षकों |
| 04 मार्च गरूवार को बिना सूचना के 52 सफाई संरक्षकों | 05 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 48 सफाई संरक्षकों |
| 06 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 32 सफाई संरक्षकों | 06 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 32 सफाई संरक्षकों |
| 09 मार्च मंगलवार को बिना सूचना के 27 सफाई संरक्षकों | 10 मार्च बुधवार को बिना सूचना के 31 सफाई संरक्षकों |
| 11 मार्च गुरूवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षकों | 12 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 26 सफाई संरक्षकों |
| 13 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 22 सफाई संरक्षकों | 14 मार्च रविवार को बिना सूचना के 10 सफाई संरक्षकों |
| 15 मार्च सोमवार को बिना सूचना के 21 सफाई संरक्षकों | 18 मार्च गुरूवार को बिना सूचना के 19 सफाई संरक्षकों |

| | |
|---|---|
| 19 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 44 सफाई संरक्षकों | 20 मार्च शनिवार को बिना सूचना के 17 सफाई संरक्षकों |
| 22 मार्च सोमवार को 35 सफाई संरक्षकों | 23 मार्च मंगलवार को 20 सफाई संरक्षकों |
| 24 मार्च बुधवार को 20 सफाई संरक्षकों | 25 मार्च गुरूवार को 14 सफाई संरक्षकों |
| 26 मार्च शुक्रवार को 22 सफाई संरक्षकों | 27 मार्च शनिवार को 16 सफाई संरक्षकों |
| 30 मार्च मंगलवार को 27 सफाई संरक्षको | 31 मार्च बुधवार को 30 सफाई संरक्षकों |

## लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित वार्ड क्रमांक 01,महिला सफाई संरक्षक निलंबित व 3 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

महिला सफाई संरक्षक विमलाबाई–बाबु को निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा निलंबित किया गया इसके अलावा वार्ड क्रमांक 01 के 30 दिवस सफाई संरक्षक मनीष–मुकेश व कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर जितेन्द्र–प्रहलाद व अभिषेक–विनोद जो कि लम्बे समय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे को सेवा से बर्खास्त किया गया।

# अवैध कालोनियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही प्रारंभ

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा शहर में बन रही अवैध कालोनियों तथा इनके कालोनाईजरों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही करने की कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा लगभग 25 कालोनाईजरों को नोटिस दिये गये है। इन अवैध कालोनियों की मैदानी जांच हेतु राजस्व विभाग जिला प्रशासन रतलाम व नगर पालिक निगम रतलाम के इंजीनियरों के संयुक्त दल का गठन किया गया है।

अवैध कालोनियों में हुए निर्माण को ध्वस्त करने के साथ ही इनके कालोनाईजरों के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार संज्ञेय अपराध होने से कारावास एवं अर्थदण्ड की कार्यवाही हेतु पुलिस प्राथमिकी दर्ज करवाई जावेगी।

22 मार्च को दल द्वारा डोंगरा नगर के पीछे की तरफ बन रही अवैध कालोनी की सड़कों पर जेसीबी चलाकर उखाड़ा गया तथा वहीं अवैध रूप से बन रहे भवनों की निर्माण सामग्री जब्त की गई।
कालोनाईजर तथा भवन निर्माण के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही भी प्रचलित कर दी गई है। अवैध बने मकानों को भी ध्वस्त किया जावेगा। निगम व जिला प्रशासन की इस मुहीम के अर्न्तगत वर्तमान में प्रकाश में आयी सभी अवैध कालोनियों व उनके कालोनाईजरों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर पुलिस प्राथमिकी व दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

Zero Waste
रतलाम
नगर पालिक निगम
E-News Letter

# शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु



नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/– वसूल करेगा स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान, श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।





रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 01 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 702 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया।




## पकडे गए मवेशियो की संख्या









# रतलाम

## नगर पालिक निगम

E-News Letter



Swachhata sankalp desh ka, har Ravivaar vishesh sa: Another productive Sunday in Rewa, MP

















